# जाम से जूझते रहे राहगीर, नदारत रही यातायात पुलिस

## बगैर डीएसपी के चल रहा यातायात थाना, हर चौराहे पर लगता है जाम, अतिक्रमण और ठेला बने कारण



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अक्टूबर, शहर में बगैर त्यौहार के भीड़ हर सड़क और चौराहे पर जाम लगा रहता है. दीपावली नजदीक आते ही जाम की समस्या विकराल रूप ले रही है. पिछले दो दिन से जाम से राहगीर जूझ रहे है और यातायात पुलिस नदारत रहती है. ऐसा कोई मार्ग नही जहा जाम न लगता हो. हालत यह है कि जाम में एम्बुलेंस तक फसी रहती है.**

गौरतलब है कि शहर का तेजी से विस्तार हो रहा है और वाहनो की संख्या बढ़ रही है. फ्लाई ओवर भी बन गये है उसके बाद भी जाम से निजात नही मिल रही है. दरअसल सड़के चौड़ी है लेकिन किये गये अस्थाई अतिक्रमण के कारण जाम लगता है. दो दिन से करवा चौथ की खरीददारी चल रही है, मुख्य बाजार सहित सभी सड़को में जाम लग रहा है.

शाम को शिल्पी प्लाजा ए-ब्लाक, प्रकाश चौराहा, घोड़ा चौराहा, अस्पताल चौराहा एवं सिरमौर चौराहे के साथ जयस्तंभ में भी लम्बा जाम लगा रहा. जिसके कारण कई यात्रियो की रेवांचल ट्रेन भी छूट गई. अक्सर शाम को सिरमौर चौराहा और जयस्तंभ के पास लम्बा जाम लगता है और दिन भर अमहिया मार्ग सहित अन्य मार्गो में जाम से राहगीर जूझते रहते है. शहर में यातायात पुलिस नजर नही आती, लोग खुद ही जाम से निपटते है.

### ई-रिक्शा बने सबसे बड़े सिरदर्द

शहर में इस समय आटो रिक्शा के अलावा ई-रिक्शा भी दौड़ रहे है. आटो से कहीं ज्यादा ई-रिक्शा की संख्या हो गई है. विभिन्न मार्गो एवं तंग गलियो में ई-रिक्शा पहुंचते है. न कोई स्टाप तय है कहा खड़ा होना है, जिसकी जहा मर्जी वही खड़ा कर देते है. चलते हुए अचानक बीच रोड़ में रोक देते है जिससे कई बार दुर्घटनाएं भी हुई है. ई-रिक्शा के कारण जाम की समस्या और बढ़ी है .चौराहो में चारो तरफ ई-रिक्शा खड़े हो जाते है जिसके कारण अन्य वाहनो को निकलने में दिक्कत होती और जाम लग जाता है. ई-रिक्शा के लिये गाइड लाइन बनाने की जरूरत है तभी इस समस्या से निजात मिल सकती है.

### कई माह से खाली है डीएसपी का पद

यातायात थाने में कई पद खाली है जितने पद स्वीकृत है उसमें से अधिकांश पद खाली है. पिछले कई माह से डीएसपी की पदस्थापना नही हुई है. पहले यहा डीएसपी की पदस्थापना रहती थी, जिससे यातायात व्यवस्था और थाने का संचालन बेहतर तरीके से होता था पर कई माह से डीएसपी का पद खाली है. ऐसे में यातायात थाना बेलगाम हो चुका है. चौराहे पर जाम लगा रहता है लेकिन यातायात पुलिस नजर नही आती. डीएसपी के अलावा कई और पद खाली है जबकि शहर का क्षेत्रफल तेजी से बढ़ रहा है साथ ही वाहनो की संख्या भी बढ़ती जा रही है.



# प्रभारी कमिश्नर ने किया औचक निरीक्षण सीईओ जिला पंचायत को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अक्टूबर, प्रभारी कमिश्नर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला पंचायत रीवा का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने शिकायत, सूचना का अधिकार, सतर्कता, आवक-जावक लेखा, पंचायतराज आदि शाखाओं का निरीक्षण कर प्रस्तुत की गई फाइलों में हुई कार्यवाही का अवलोकन किया.**

निरीक्षण के दौरान कई कमियां मिली और विभिन्न शाखाओ में फाइल लंबित रहने पर जिला पंचायत सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये. इसके अलावा कई कर्मचारी नदारत मिले. निरीक्षण के दौरान प्रभारी कमिश्नर ने आवक-जावक शाखा में पत्रों को भेजे जाने में विलंब पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने सतर्कता शाखा में धारा-40 सहित अन्य प्रकरणों में किये गये पत्राचार का अवलोकन किया तथा व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुतीकरण न होने पर आपत्ति व्यक्त की.

श्रीमती प्रतिभा पाल ने लेखा शाखा में बिलों के भुगतान के संबंध में प्रस्तुत फाइलों का निरीक्षण किया अवलोकन के दौरान विभिन्न शाखाओं में फाइलें लंबित रहने पर सीईओ जिला पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को नोटिस देने के लिये निर्देशित किया. इस दौरान एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त



### 103 शिकायतों में 64 का मौके पर निराकरण

**रीवा,** जनपद पंचायत गंगेव में विधानसभा स्तरीय जनसुनवाई जनसमस्या निराकरण शिविर आयोजित किया गया. जिसमें लगभग 103 समस्यायें पंजीकृत की गईं हैं. जिसमें से 64 समस्याओं का निराकरण ग्राउंड जीरो से ही कर दिया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है. मौके पर मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति मौजूद रहे और सभी शिकायतो पर निराकरण कराया. इस जनसुनवाई में लगभग सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति रही. हर माह शिविर लगाया जाता है जहा शिकायतो का निराकरण होता है. आम जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण एवं समाधान के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता है, एक ही प्लेटफार्म पर सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में लगभग सभी समस्याओं का समाधान पंजीकृत कर निराकरण करने में आसानी एवं सहूलियत रहती है. मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति के प्रति लोगो ने आभार व्यक्त किया. एक ही मंच पर सभी विभागो की शिकायतो का निराकरण हो जाता है. विधायक ने अन्य शिकायतो के जल्द निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है.

### शेषमणि शुक्ल के पिता हुए बैकुंठवाशी



**रीवा, 9 अक्टूबर,** सामाजिक कार्यकर्ता एवं हरीभूमि के वरिष्ठ पत्रकार शेषमणि शुक्ल के पिता हीरामणि शुक्ल का 95 वर्ष की उम्र मे, पैतृक ग्राम पाडर मे बुधवार सुबह सात बजे अपने गृह ग्राम मे स्वर्गवासी हो गए. उनका अंतिम संस्कार उनके मऊगंज जिले के गृह ग्राम पाडर मे हुआ. स्व. हीरामणि शुक्ल मऊगंज जिले के पाडर ग्राम के प्रतिष्ठित समजवादी नेता थे एवं पूर्व सांसद जमुना प्रसाद शास्त्री के करीबी रहे है. उनके निधन पर क्षेत्र मे शोक की लहर है उन्होंने अपने पीछे भरा पूर परिवार छोड़ गये. स्व. हीरामणि शुक्ल के निधन पर पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, गिरीश गौतम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राहुल गौतम, जगदीश गुप्ता जिला, पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, लोकतंत्र सेनानी सुभाष, श्रीवास्तव, डॉ मनोज इंदुलकर, साइंटिस्ट डॉ संजय पांडे पूर्व सरपंच, ऊधोपुर्वा रामलाल पांडे, लोकतंत्र सेनानी अजय खरे सत्यनारायण शर्मा भदैया, पूर्व सरपंच बरहटा मनोज चतुर्वेदी, राज नारायण सिंह तिवारी, अजय सिंह, नरेंद तिवारी, शमशेर सिंह, ऋषभ पांडेय पुरुसोत्तम मिश्रा, गीता तिवारी, शिव प्रकाश निगम, रमेंद्र पांडे, शिवदत्त पांडे आदि ने श्रद्धांजलि दी.

### अटल पार्क में दिया जाता है नि:शुल्क योग प्रशिक्षण

**रीवा,** भारत स्वाभिमान/न्यास पतंजलि योग समिति जिला इकाई रीवा द्वारा अटल पार्क में पिछले कई दिनो से नि:शुल्क योग प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण डी.एल सिंह जिला प्रमुख पतंजलि योग समिति द्वारा सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे तक दिया जा रहा है. योग शिविर में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है जो कि स्वास्थ्य के लिये बेहद लाभदायक होता है.

### डॉ. कृष्णपाल शर्मा किए गए सम्मानित



**रीवा,** भाई उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास भोपाल द्वारा प्रदेश के शीर्ष आयुर्वेद चिकित्सकों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया. उक्त कार्यक्रम में रीवा के प्रतिष्ठित आयुर्वेद चिकित्सक डॉ कृष्णपाल शर्मा को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर रहीं. कार्यक्रम के अध्यक्ष भोपाल के वरिष्ठ विधायक भगवान दास सबनानी रहे एवं विशिष्ट अतिथि भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय रहीं. साथ ही उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास के संरक्षक पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ,मानसरोवर कॉलेज के प्राचार्य एवं झंडू कंपनी के प्रतिनिधि अरुण अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 18 शीर्ष चिकित्सकों का सम्मान किया गया.

# उप मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सड़क निर्माण सहित अन्य सभी विकास के कार्य गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा मंच पूरा करना सुनिश्चित करें.**

उन्होंने करहिया मंडी से बनकुइंया तिराहा तक बनाई जा रही सड़क के शेष कार्य को आगामी 15 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये. उन्होंने रतहरा तिराहे में जल भराव के कारण होने वाले व्यवधान को तत्काल दूर करने के लिए निर्देशित किया.

उन्होंने कहा कि रतहरा तिराहे में जल भराव स्थल से पानी की निकासी के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा फ्लाई ओवर के किनारे आवागमन मार्ग को चौड़ा करने का भी कार्य करायें. बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल मौजूद रही.



# जय डेरी प्रोविजन के विरुद्ध मिलावट का प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अक्टूबर, दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए मिष्ठान विक्रेताओं की जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जांच टीम द्वारा ऑनलाइन सप्लाई के गोदाम पर छापामार कार्रवाई की गई. जांच के दौरान कंपनी द्वारा सप्लाई किया जा रहे शुद्ध घी, बेसन लड्डू एवं मसाले के पैकेट पर लेबल घोषणाएं सही नहीं पाई गई.**

कंपनी संचालकों के विरुद्ध मिथ्या चाप खाद्य सामग्री सप्लाई करने के संबंध में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जा रहा है. टीम द्वारा जय डेरी आउटलेट प्रोविजन में छेना की मिठाइयों की जांच मोबाइल लैब द्वारा की गई जिसमें मैदा/ अरारोट की मिलावट पाई गई.

मिलावटी छेना की मिठाई का रेगुलेटरी नमूना लिया गया है एवं संचालक के विरुद्ध मिलावटी मिठाई विक्रय करने के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त होने पर अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी. जांच के दौरान संस्कार स्वीट्स, कान्हा डेरी एवं स्वीट्स की भी जांच कर मिठाइयों के नमूने जांच हेतु लिए गए. नापतोल विभाग द्वारा जय डेरी प्रोविजन के विरूद्ध मिलावट का प्रकरण बनाया गया है. कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे, साबिर अली, नापतोल से सहायक नियंत्रक विजय खातरकर सम्मिलित रहे.

# बड़े बकायादारों के यहां नगर निगम ने जड़ा ताला



**नवभारत न्यूज**


**रीवा, 9 अक्टूबर, सम्पत्तिकर के बड़े बकायादारो के खिलाफ तालाबंदी की कार्यवाही नगर निगम द्वारा एक बार फिर शुरू कर दी गई है. अलग-अलग वार्डो में तालाबंदी की कार्यवाही की गई.**

वार्ड 9 मे स्टेडियम के पास निर्मित दुकानो का सम्पत्तिकर बकाया होने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई. जिनमें सुरेश तिवारी दुकान क्र. 8 बकाया राशि रू. 27888 एवं राजेश मिश्रा दुकान क्र. 10 बकाया राशि रू. 27888 जमा न किये जाने पर नगर निगम ने तालाबंदी की कार्यवाही की. वही पर शेष अन्य दुकानों जिनमें पुष्पेन्द्र सिंह दुकान क्र. 3 द्वारा 14000 की राशि, रंगनाथ शर्मा दुकान क्र. 11 द्वारा रू. 15000, सरोज मिश्रा दुकान क्र. 9 द्वारा रू. 15000, लल्ला प्रसाद त्रिपाठी दुकान क्र. 14 द्वारा रू. 15000, आशुतोष तिवारी दुकान क्र. 2 द्वारा रू. 14000, धर्मेन्द्र सिंह बघेल दुकान क्र. 8 द्वारा रू. 10000, अजय कुमार द्विवेदी दुकान क्र. 5 द्वारा रू. 15000, ओम प्रकाश शुक्ला दुकान क्र. 13 द्वारा रू. 15000 मौके पर जमा कराया गया. वार्ड 18 में तालाबंदी की कार्यवाही के दौरान उर्मिला सिंह मकान क्र. 151 ने मौके पर 40000 का चेक प्रदान किया गया. उक्त कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह,नीलेश चतुर्वेदी मौजूद रहे.

### कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र सौंपे

**रीवा, 9 अक्टूबर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अनुकंपा नियुक्ति के तीन प्रकरणों में संबंधितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये. उन्होंने जिला संयोजक जनजातीय विभाग में भृत्य पद पर अंकुर शर्मा एवं अनीता द्विवेदी को तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में भृत्य के पद पर सुरजीत सिंह को अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र प्रदान किये. अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण होने के बाद नियुक्ति पत्र लिया गया.

## पुलिसकर्मियों के लिए कंट्रोल रूम में लगाया लीवर जांच कैंप



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अक्टूबर, पुलिस कर्मियों की सेहत चुस्त दुरूस्त बनी रहे और हमेशा फिट बने रहें इसको लेकर गुरूवार को उनकी स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए लीवर चेकप कैंप लगाया गया. 70 पुलिसकर्मियों की जांच हुई.**

पुलिस कंट्रोल रूम में लगाए गए शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजूदगी में जांच के दौरान कई पुलिस कर्मियों के लिवर में इनफेक्शन पाया गया जिसकी केयर करने की समझाइस पुलिस कर्मियों को दी गई. जांच के दौरान चिकित्सको ने पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतने के सुझाव दिये. साथ ही नियमित रूप से व्यायाम करने के लिये कहा गया और समय-समय पर जांच कराए.

# कांग्रेस ने कैण्डल मार्च निकाल कर स्वास्थ्य मंत्री का मांगा इस्तीफा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अक्टूबर, कफ सिरप के कारण छिंदवाड़ा में बच्चो की हुई मौत को लेकर उनके प्रति संवेदना व्यक्त करने और मृत्यु के जिम्मेदार प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने शहर में कैण्डल मार्च निकाला.**

सभी कांग्रेसी स्थानीय मानस भवन में एकत्र हुए और कैण्डल लेकर प्रकाश चौराहा होते हुए घोड़ा चौराहा होते व्यंकट भवन के पास कैण्डल मार्च का समापन किया. इस दौरान कांग्रेसियो ने असामायिक मौत के गाल में समाने वाले बच्चो के प्रति अपनी संवेदना व्यक्ति की और उन्हे श्रद्धांजलि दी. जिला अध्यक्ष इंजी.

राजेन्द्र शर्मा ने इस घटना के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री को जिम्मेदार ठहराया. श्री शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए मासूम बच्चो को जहर युक्त कफ शिरप दी गयी जिससे उनकी असामायिक मृत्यु हो गयी. यदि कलेक्टर की बात को स्वास्थ्य मंत्री मान लिये होते तो इन बच्चो की मृत्यु नही हुई होती अत: इसके लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला पूर्णरूपेण जिम्मेदार है उन्हें नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए यदि वह इस्तीफा नही देते तो राज्यपाल इन्हें मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करें. महापौर अजय मिश्रा बाबा ने स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था का जिम्मेदार स्वास्थ्य मंत्री को निरूपित करते हुए इन मासूम बच्चों की मृत्यु का जिम्मेदार बताया उन्होने भी स्वास्थ्य मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की. कैण्डल मार्च में शहर अध्यक्ष अशोक पटेल, विमलेन्द्र तिवारी, विद्यावती पटेल, शीला त्यागी, बबिता साकेत, गिरीश सिंह, एड रवि तिवारी, सज्जन पटेल, मोहम्मद रफीक अंसारी, गोविन्ददास तिवारी, मुस्तहाक खान, रमेश पटेल, अब्दुल शहीद मिस्त्री, लल्लन खान, नरेन्द्र सिंह तिवारी, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, महेन्द्र उपाध्याय, पदमदीप शुक्ला, नजमा बेगम, रमा दुबे, धनेन्द्र सिंह, रवि तिवारी मौजूद रहे.




शहर में निकाले गए कैण्डल मार्च में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता

# पति की लम्बी उम्र के लिए महिलाएं आज रखेंगी करवा चौथ का व्रत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अक्टूबर, सुहागिन महिलाएं पति की लम्बी उम्र के लिये शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत रखेगी और शुभ मुहूर्त में पूजा कर चांद के दर्शन के बाद व्रत खोलेगी.**

बाजार में खरीददारी और श्रृंगार के साथ मेंहदी लगवाने के लिये दुकानो में भीड़ लगी रही. करवा चौथ यह विशेष त्योहार भारतीय संस्कृति में विवाहित महिलाओं के लिए अत्यंत महत्व रखता है. करवा चौथ का व्रत मुख्य रूप से अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए रखा जाता है. इस दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण करके व्रत प्रारंभ करती हैं और पूरी दिनचर्या के दौरान भोजन और जल का त्याग करती हैं. शाम के समय चांद के दर्शन के बाद ही व्रत का पारण किया जाता है. इस अवसर पर महिलाओं द्वारा की जाने वाली पूजा, कथा और छलनी से चांद देखने की परंपरा इस त्योहार को और भी खास बनाती है. करवा चौथ केवल व्रत का दिन नहीं बल्कि पति-पत्नी के प्रेम और परिवारिक बंधनों का प्रतीक भी है.



शाम को महिलाएं चलनी से चांद के दर्शन करते हुए अपने पति का चेहरा देखेगीं और उसके बाद पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ेगी. मेंहदी लगवाने के लिये महिलाओं की भीड़ लगी रही. देर रात तक ब्यूटी पार्लरो में भीड़ रही तो वही करवा, छलनी और पूजन सामग्री की खरीददारी की गई. गिफ्ट दुकानो एवं कपड़े और स्वर्ण आभूषण की दुकानो में भी भीड़ रही. खासकर साड़ी की दुकान में ज्यादा भीड़ देखने को मिली.